Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-11-2022 | अंक 401

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन, टीबी से बचने का बताए उपाय

## अपेम ने 13, एम ए बी 10 ,0एसएसएमटी 6, डीएस ने 5 टीबी मरीजों को गोद ले बांटे पौष्टिक आहार, बने निक्षय मित्र
















**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल बरही में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अपेम वेलफेयर फाउंडेशन, शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट एवं जियाडा मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन सहित कई स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस कार्यशाला में अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से 13 मरीजों को गोद लेते हुए उन्हें पौष्टिक आहार का पैकेट का वितरण किया गया। इसमें विजय कुमार ने 5 टीबी मरीज, मुकेश कुमार गुप्ता ने 2 मरीज, विकास चौरसिया ने एक, पिंटू कुमार ने एक, सुनील कुमार दत्ता ने 2 टीबी मरीज एवं राहुल केशरी गया रोड बरही निवासी ने 2 टीबी मरीजों को गोद लिया। इसके अलावे अपेम के माध्यम जियाडा मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने 10 मरीजों को गोद लिया। सभी मरीजों को अध्यक्ष पीके गर्ग एवं उनके सहयोगियों ने पौष्टिक आहार का पैकेट सौंपा। इसके अलावे शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से 6 मरीजों को गोद लेते हुए ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, सचिव महेंद्र दुबे एवं उषा रानी ने पौष्टिक आहार की पैकेट सौंपा। मौके पर डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अपने स्तर से 5 मरीजों को गोद लेते हुए पौष्टिक आहार का वितरण किया। मौके पर अपेम के मध्यम से डॉ मनितोष कुमार ने 3 एवं डॉ अनुभा कुमारी ने 2 टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा की। टीबी मरीजों को जागरूक करते हुए डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की टीबी मरीजों को लगातार हॉस्पिटल से दी जाने वाली दवाईयां खानी हैं। शराब का सेवन नही करनी है। चिकित्सक विजय कुमार ने कहा की समय पर दवा का सेवन जरूरी है। हम सब आपके सहयोग करने के लिए तैयार हैं। मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही के अध्यक्ष पीके गर्ग ने कहा की प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान एक जन कल्याणकारी अभियान है । इस अभियान के साथ सभी लोगों को जुड़ना चाहिए। मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के माध्यम से अपने सामर्थ्य के अनुसार टीवी मरीजों को न्यूट्रिशन सपोर्ट दिया जाएगा। हम चाहते हैं कि टीवी मुक्त भारत हो इस अभियान को सफल बनाने में हमारे एसोसिएशन का जो भी सपोर्ट की जरूरत पड़ेगी हम हमेशा तैयार रहेंगे। शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी ने कहा टीवी मरीजों को अपने रहन-सहन खानपान पर विशेष ध्यान रखनी चाहिए क्योंकि टीवी के कीटाणु हवा के माध्यम से दूसरे के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं । इसलिए छिकने एवं खांसने के समय साफ कपड़ा जरूर रखना चाहिए । मौके पर डॉ प्रवीण कुमार, डॉ मो एजाज, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ मनीतोष कुमार, डॉ अनुभा कुमारी, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक कृष्ण प्रजापति, मुकेश कुमार गुप्ता, विजय कुमार, सोनू पंडित ,योगेंद्र प्रजापति मोहम्मद उस्मान, मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के विकास छाबड़ा, सुमित कुमार, पंकज कुमार, विनय कुमार सिन्हा पंकज कुमार आजाद, विजेंद्र कुमार , सुधांशु शेखर, नरेश कुमार, रविशंकर कुमार, रवीश कुमार, प्रह्लाद कुमार, अनिता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर बुंडू में बाल दिवस पर खेल - कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर में बाल दिवस पर खेल - कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक दीपक कुमार ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह बच्चों को बहुत प्यार करते थे साथ ही उन्होंने कहा की बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक राष्ट्रीय त्यौहार है। वहीं खेल कूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर छाया कुमारी, श्रुति कुमारी, निभा कुमारी, अनमोल कुमारी, साक्षी कुमारी, मोनिका कुमारी, शिवानी कुमारी, ज्योति कुमारी, अर्चना कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, छोटी कुमारी, नीरज कुमार, विशाल कुमार, निलेश कुमार, रवि कुमार, शिवम कुमार, विशाल कुमार, सुधांशु कुमार, हिमांशु कुमार, आर्यन कुमार, आकृति कुमारी, आदित्य कुमार, विवेक कुमार, सतीश कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी एवं रूपेश कुमार सहित दर्जनों अन्य बच्चे मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# करियातपुर पंचायत भवन में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत भवन में मुखिया मनोज कुमार की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर बारी - बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मुखिया मनोज कुमार ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अंग्रेजों के विरुद्ध बिगुल फूंका जो अपने धर्म संस्कृति जल जंगल जमीन को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी। साथ ही साथ उन्होंने कहा की बिरसा मुंडा ने किसानो पर हो रहे शोषण को रोकने के लिए जमींदारों के खिलाफ आवाज उठाई। मौके पर समाजसेवी राम कुमार दास, नकुल रविदास, भरत रविदास, राजेंद्र केसरी, टिंकू केशरी, गणेश यादव, रिंकी कुमारी, संतोष भुइयां, भरत रविदास, सुरेश रविदास, राजकुमार भुइया सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## द आर सी आई में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं बाल दिवस

### भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजाति वर्ग के अगुआ थे : निदेशक राकेश रोशन

### प्रतियोगी तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को 30 नवम्बर तक मिलेगी विशेष छूट : अंकित चंद्रवंशी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं पंडिल जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) मनाई गयी। सर्वप्रथम संस्थान के निदेशक राकेश रोशन एवं शिक्षक अंकित चन्द्रवंशी ने दोनों महापुरुषों को माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजाति वर्ग के अगुआ थे। बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवम्बर 1875 के दशक में छोटा किसान के गरीब परिवार में हुआ था। मुण्डा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार (झारखण्ड) निवासी थे। बिरसा जी को 1900 में आदिवासी लोंगो को संगठित देखकर ब्रिटिश सरकार ने आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन्हें 2 साल का दण्ड दिया। साथ ही बच्चों को यह जानकारी दी कि भारत सरकार ने 15 नवम्बर 2022 से बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय दिवस के रूप मनाने का फैसला लिया है। साथ ही उन्होंने पंडिल जवाहरलाल नेहरू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 नवंबर 1889 को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ था. देश में हर साल भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी का जन्मदिन मनाया जाता है. पंडित नेहरू का योगदान भारत को अंग्रेज़ो की गुलामी से मुक्ति दिलाने से लेकर आज़ाद भारत के विकास के सभी पेहलूओं में रहा है. उनको आधुनिक भारत का वास्तुकार भी कहा जाता था. शक्षक अंकित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से पहले 30 विद्यार्थियों को विशेष छूट दी जाएगी। विशेष छूट की समयसीमा 15 नवम्बर से 30 नवम्बर तक रहेगी।

मौके पर खिरोधर यादव, अजीत पंडित, अनिल यादव, सत्यम कुमार, राजकिशोर कुमार, राहुल कुमार, रवि कुमार, संजीव कुमार, जनिता कुमारी, अंजली कुमारी, राखी कुमारी, उषा कुमारी समेत अन्य स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआक्ला पंचायत के बेला में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन मुखिया मंगलदेव यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा की आंगनबाड़ी भवन नही होने के कारण यहां के छोटे – छोटे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां के नौनिहालों के परेशानियों को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया था। लेकिन भवन को उपयोग में नहीं लाया जा रहा था। साथ ही उन्होंने कहा की नौनीहालो के पढ़ाई के लिए भी सरकार लाखों रुपए खर्च कर रही है। इनके लिए भी भवन निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि नौनिहालों को भी छत के नीचे रहकर अपना पठन पाठन का कार्य कर सके। मौके पर पंसस सदस्य प्रभु यादव, पूर्व पंसस सदस्य मो जमीरुद्दीन, अजय यादव, कलीम अंसारी सहित आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिका भी मौजूद थे।




## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा मे 140 किसानों को दिया गया सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण

### वैज्ञानिक पद्धति से कृषि करने से होगी उत्पादन में वृद्धिरु विशालनाथ पांडेय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अनुसूचित जन जाति उप योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में हजारीबाग जिला के दाड़ी प्रखंड के आदिवासी कृषकों को अधिक आय हेतु वैज्ञानिक पद्धति द्वारा सब्जियों के उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । डॉ तुषार कांति बहरा, निदेशक, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने सब्जियों में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों के बारे में किसानों को अवगत कराया तथा इस क्षेत्र के लिए विकसित की गई विभिन्न सब्जियों के उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने किसानों को उन्नत किस्मों को समय पर लगाने की सलाह दी। डo विशाल नाथ, विशेष कार्य पदाधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में चल रहे अनुसंधान कार्यों एवं किसानों कि आय वृद्धि हेतु के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में किसानों को जानकारी दी । उन्होंने किसानों को सब्जी एवं फलों के बेहतर प्रबंधन के बारे में बताया तथा किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के संपर्क में रहने की सलाह दी, जिससे कि उनके फसलों में आने वाली किसी भी समस्याओं रोग एवं कीट का सही प्रबंधन हो सके। डॉ सुदर्शन मौर्य प्रधान वैज्ञानिक भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने किसानों को टमाटर मिर्च बैगन एवं अन्य सब्जियों में लगने वाले रोग एवं कीटो के बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से परिचर्चा करते हुए किसानों की विभिन्न सब्जियों में आने वाली अन्य समस्याओं का समाधान भी बताया । डॉ सुप्रोजीत राय वैज्ञानिक भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने किसानों से बात करते हुए उनके फसलों में आने वाली समस्याओं को जाना तथा उन्हें सही समय पर संस्थान से संपर्क करने की सलाह दी ताकि फसल का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। डoक्टर प्रिय रंजन कुमार प्रधान वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड ने किसानों को सब्जियों एवं अन्य फसलों के बीज प्रबंधन के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें स्वपरागीत सब्जियों एवं फसलो के अच्छे बीजों का चयन कर संचय करने के बारे में बताया, ताकि किसान उन बीजों को द्वारा अपने खेतों में उपयोग कर सकते हैं । इस कार्यक्रम में डॉक्टर संतोष कुमार एवं डॉ कृष्ण प्रकाश वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान निधि किसानों की समस्याओं को जाना तथा उनके समाधान के बारे में बताया । इन्होंने किसानों को बीज उपचार करके ही किसी भी फसल को लगाने की सलाह दी। प्रशिक्षण के उपरांत किसानों को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी द्वारा विकसित विभिन्न सब्जियों के उन्नत बीजों का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन कोयलांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी दाढ़ी के तुलसी विश्वकर्मा के सहयोग से किया गया । इस कार्यक्रम में करीब 140 कृषकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त उपरांत बीज प्राप्त किया।

## राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में हेल्थ चेकप का आयोजन, 80 मजदूरों की हूई जांच


स्वास्थ्य चेकप करते डॉ अनिल कुमार


अपेम के सदस्यों के साथ पी. के गर्ग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में मजदूरों के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच कैंप कार्यक्रम में अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाइजर एवं जाने–माने सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने 80 मजदूरों की स्वास्थ्य जांच की । स्वास्थ जांच के दौरान प्रत्येक मजदूरों का बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिए । मौके पर जितने भी मज. दूरों की जांच की गई उनमें अधिकांश मजदूर मेडिकल तौर पर फिट पाए गए। जांच के दौरान दो ऐसे मजदूर सामने आए जिन्हें हल्का बीपी एवं शुगर का प्रॉब्लम था ।उन्हें आवश्यक निर्देश के साथ दवा भी प्रिसक्राइब किया गया। मौके पर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके गर्ग ने कहा की बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित लगभग सभी फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी ताकि जरूरत के अनुसार उन्हें मेडिकल सपोर्ट दिया जा सके । सभी मजदूरों को जांच के उपरांत मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट भी दिया गया । डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा अपेम वेलफेयर फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के प्रति संकल्पित है। एवं अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य चेकअप एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कारण अपेम का नाम जन जन तक फैल रहा है। अपेम निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा की इस तरह का आयोजन के पीछे अपेम का एक मात्र उद्देश्य जरूरतमंद को मदद करना है। मौके पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, पीके गर्ग, विकास छाबड़ा ,सुमित कुमार, डीएन तिवारी ,छत्रु यादव पंकज कुमार, बबलू कुमार, सोनू पंडित, भारती कुमारी , बिटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 15-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

पेज सं0: 03

## भगवान जगन्नाथ का खुला पट्ट, पूर्व विधायक सहित श्रद्धालुओ का उमडा जनसैलाब

### झारखण्ड, बिहार, बंगाल आदि राज्यो के इस्कॉन संतो का सिरकोनी में लगा जमावड़ा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**





सियरकोनी की अब पहचान बदलने वाली है। राज्य नही बल्कि देश स्तर पर चौपारण प्रखण्ड का नाम गूँजने लगा है। इस्क०न से जुड़े भक्ति वेदांता शिक्षालय निर्माण के प्रथम फेज में निर्मित भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए भगवान जगन्नाथ का पट्ट खोल दिया गया। पट्ट खुलते ही श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा पड़ा। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत हजारों श्रद्धालुओं ने भग. वान के दरबार मे मत्था टेका। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित हजारों भक्तों के उपस्थित में भक्तों के लिए भगवान जगन्नाथ का पट्ट खोला गया। शिक्षालय योजना के प्रमुख डा केशवानंद प्रभु ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इस्कान के मुख्यालय मायापुर, पश्चिम बंगाल से त्रिदंड स्वामी परम पूज्य भक्ति राघव स्वामी जी महाराज उपस्थित रहे। महाराज जी मुलरूप से कनाडा के निवासी हैं परन्तु प्रभु भक्ति में अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया है। बताया कि मंदिर पूजा के बाद दूसरे फेज में शिक्षालय, गुरुकुल, गोशाला, कृषि तथा नैचुरोपैथी कार्य होंगे। बताते चलें कि सियरकोनी में समाजसेवी संजय सिंह, मुखिया बिनोद सिंह के परिजनों द्वारा चार एकड जमीन गुरुकुल निर्माण के लिए दान स्वरूप दिया गया है। इसी के तहत बडी भक्ति भाव से समस्त कार्य जारी हैं। इस दौरान जीप सदस्य राकेश कुमार, भाजपा नेता सुनील साहू, रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, राजेश सहाय, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुकुन्द साव, मुकेश सिन्हा, समाजसेवी हतिश्चद्र सिंह, रामचन्द्र सिंह, प्रभात सिंह, रामाशीष सिंह, विजय भुइयाँ, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, शिवकुमार यादव, रोहित जैन, बबलू बर्णवाल, दिलीप राणा, राहुल राणा, प्रमोद ठाकुर सहित हज़ारों लोग शामिल हुए।

## मुखिया व फाउंडेशन के सहयोग से रोगियों ने कराया मुफ्त इलाज





**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर चंदवारा पश्चिमी सभागार में चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में व जीवन सवेरा फाउंडेशन के सौजन्य से मुक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया इस आयोजन का शुरुआत चंदवारा पश्चिमी के मुखिया व जीवन सवेरा फाउंडेशन के संस्थापक राजू भाटिया तथा उप मुखिया बसंती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस कैंप का शुरुआत किया गया स्वस्थ जांच शिविर में हजारीबाग व कोडरमा से आए अनुभवी डॉक्टरों डॉ राकेश, रोशन ,डॉ आरके सिंह, डॉ अनुपमा, डॉ अजय कुमार ,डॉ विशाल कुमार, व अन्य सहयोगियों के साथ आए स्वस्थ कर्मियों ने जांच करवाने आए रोगियों के ब्लड शुगर बीपी अन्य शारीरिक जांच मुफ्त में कराएं इसके अलावा महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करने हेतु लेडीस डॉक्टर के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया जहां सैनिटाइजरी और पेड़ का वितरण किया गया इस मौके पर जीवन सवेरा फाउंडेशन के डायरेक्टर उदय चंद्र किशोर व सरवर आजाद खान ,शंकर पांडे ,कुंदन कुमार, संदीप कुमार बंटी, कुमार शंभू, पासवान महेश पंडित, नंदू शर्मा, विनोद साहू, प्रदीप पंडित, पप्पू मोदी, मुकेश राही, व सैकड़ों की संख्या में रोगियों ने मुफ्त इलाज कराए

## विजैया चौक पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया चौक पर धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजली अर्पित किया। वहीं इस कार्यक्रम में मौजूद पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने उनके योगदान के बारे में बताते हुए कहा की बिरसा मुंडा के द्वारा अनुयायियों को संगठित करके उन्होंने दो दल बनाए थे जिसमें से एक दल उनके मुंडा धर्म का प्रचार करता था और दूसरा राजनीतिक कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया था। बिरसा मुंडा ने किसानो का शोषण रोकने के लिए जमींदारों के खिलाफ आवाज उठाई। बिरसा मुंडा ने 24 दिसंबर 1899 में शुरू हुए आंदोलन से तीरों द्वारा पुलिस थाने पर आक्रमण कर दिया और वहां पर आग लगा दी और सेना के साथ उनकी सीधी मुठभेड़ हो गई। जिसकी वजह से गोलियों द्वारा बिरसा मुंडा के बहुत सारे साथी मारे गए और मुंडा समुदाय के हो दो व्यक्तियों ने धन के लालच में आकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करवा दिया। जहां 9 जून 1900 में उनकी मृत्यु हो गई। मौके पर पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, अनिल कुमार यादव, उमेश दास, मनोज कुमार यादव, रघु मोदी, सीता राम यादव, मो सलामत, पंकज दास, दिनेश कुमार यादव, भोला यादव, सुनील प्रसाद, विनोद कुमार यादव, विनोद राना एवं सुशील कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सतगावां प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय सभागार सहित विभिन्न पंचायतों भवनों में मंगलवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई वहीं प्रखंड मुख्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिक. ारी बैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरआत निर्धारित 9 बजे सुबह में सर्वप्रथम अगरबती जलाकर किया गया जिसके उपरांत श्री उरांव ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया ।वहीं प्रखण्ड के सभी पदाधिकारी व कर्मी के द्वारा एक एक कर माल्यार्पण किया गया ।मौके पर थाना प्रभारी आनन्द कुमार शाह,जेएसएस राजो पासवान, बीसीओ राजू रजक,झारखण्ड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दाँगी,विकास कुमार, मिथलेश यादव ,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।




## बिरहोर टोला बरियट्ठा में आर एस एस की ओर से सेवा उपक्रम कार्यक्रम का आयोजन

### स्वयं सेवकों ने किया बिरहोर वृद्ध, पुरुष महिला एवं बच्चो के बीच वस्त्र का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सेवा उपक्रम कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सेवक एवं बिरहोर समुदाय के लोग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शिवाजी शाखा बरही की ओर से झारखंड स्थापना दिवस पर ॰नर सेवा–नारायण सेवा की उक्ति चरितार्थ करते हुए ॰जनजाति गौरव दिवस ॰ मनाने हेतु बरियट्ठा बिरहोर टोला में वस्त्र वितरण–सेवा उपक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वयोवृद्ध शबरी सरीखे माता चरकी बिरहोर, सोनु बिरहोर, अगहन बिरहोर एवं उपस्थिति सभी जन समुदाय को अंग वस्त्र (नया गमच्छा)देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही सभी मातृशक्ति को साड़ी सेट,बच्चों को वस्त्र, बिस्कुट, टाफी प्रदान किए गए। उक्त सेवाउपक्रम में डा कृष्णा केशरी, त्रिवेणी साव, गोविन्द राम ,राजकुमार यादव, राजकुमार केशरी, संतोष सिंह, अमित गौरव, नवीन केशरी, सुभाष कुमार, रामचन्द्र प्रजापति, राजेन्द्र केशरी, रजनीश पाण्डेय ,प्रिंस रविशंकर, शंकर वस्त्रालय, भानु प्रताप एवं आयुषराज बरही शाखा के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई कॉलेज ढेंगा में भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाई गई। मौके पर संस्थान के प्रशिक्षु के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा भारत की आजादी की भूमिका पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्रथम ,द्वितीय और तृतीय पशुओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया । संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी को सारांश में बताते हुए कहा कि हमारे झारखंड सुपुत्र भगवान बिरसा मुंडा बहुत ही पिछड़े गांव से निकल कर अंग्रेजों की गलत नीति को लेकर देश हित के लिए लड़ाई लडी उसमें भगवान बिरसा मुंडा को प्रथम बार हजारीबाग जेल में बंद किया गया। उसके बाद भी देशहित की लड़ाई लड़ते रहे भगवान बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड के खूंटी जिले उलीहातू गाँव मे 1875 ईसवी में हुई भगवान बिरसा मुंडा का जयंती सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड कई राज्यों में लोग मनाते हैं। मौके पर संस्थान के सूचना प्रसारण प्रौद्योगिकी के अनुदेशक प्रदीप कुमार, तरुण कुमार रंजन, संदीप कुमार मौर्य, अमरेश कुमार विद्यार्थी, मुकेश कुमार, महेश नायक, उपेंद्र कुमार, विकास कुमार चौरसिया, श्रीनाथ श्री, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता ,सुनील सिंह, इरफान अंसारी संस्थान के प्रशिक्षु उपस्थित थे ।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सारूकुदर में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते जनप्रतिनिधि

विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर पंचायत में मंगलवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पंचायत भवन परिसर में वितरण समारोह का आयोजन कर मुखिया उत्तम महतो, पंचायत समिति सदस्य महेश महतो समेत वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में 95 लोगों को कंबल दिया गया। मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि ग्राम पंचायत को 100 तथा पंचायत समिति सदस्य को प्रखंड प्रशासन द्वारा 50 कंबल उपलब्ध कराए गए थे। जिसमें गांव के गरीब, असहाय, वृद्ध, दिव्यांग आदि जरूरतमंदों का चयन कर मंगलवार को 95 लोगों को कंबल दिया गया। शेष बचे लोगों को 21 नवम्बर को कंबल दिया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य रेशमी देवी, करमली अंसारी, मुकेश सिंह, ललिता देवी, रीना देवी, टेकलाल महतो, सोमर साव, नागेश्वर महतो, काली महतो, राजेश पटेल, नितेश कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में झारखंड राज्य की 23 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : पश्चिम पंचायत भवन में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। उपस्थित अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया । मौके पर रंजीत कुमार ने कहा कि हम सभी अपने अपने पंचायत के विकास के लिए प्रयासरत रहें जितना विकास हमारा पंचायत में होगा उसी गति से झारखंड राज उन्नति करेगा। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हम लोग प्रयास करें। झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा जयंती बड़कागांव पशमी पंचायत भवन मैं मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार स चेपा कला मुखिया अनिकेत कुमार नायक दाढ़ी कला मुखिया इलियास हुसैन सीकरी मुखिया प्रभु महतो मध्य पंचायत मुखिया तकरीब उल्ला खान पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव शर्मा मुखिया पंचायत प्रतिनिधि मोहम्मद आसीन सिंदवारी पंचायत वार्ड सद्स्य जुगनू आदि उपस्थित थे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड में भगवान बिरसा मुंडा की जंयती धूम धाम से मनी

### कई पंचायतों में स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पूरे धूम धाम से मनाया गया।मौके जयंती और स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसके तहत माननीय प्रमुख , उप प्रमुख सुमन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, बीससूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष,रामेश्वर यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त बैद्यनाथ कुमार,एवं अन्य उपस्थित लोगो ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद माननीय प्रमुख महोदया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा भगवान बिरसा की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उनके द्वारा अत्याचार के खिलाफ लड़ने वाली लड़ाई के बारे मे बताया गया।वहीं बी डी ओ ने कहा कि झारखण्ड इस वर्ष 22 वर्ष की हो गई है।झारखण्ड में विकास कार्य प्रगति पर है।इधर आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के शुभ अवसर पर मदगड़ा मुखिया सुप्रिया कुमारी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई । सर्वप्रथम पंचायत भवन मदगडा मे भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस मौके पर सुप्रिया कुमारी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन काल पर विशेष प्रकाश डाला एवं सभी झारखंड वासियों को झारखंड की स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।इसके बाद अंबेडकर आवास लाभुकों को एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए पेंशन आवेदन के लाभुकों को सर्टिफिकेट दी। तत्पश्चत ग्राम भदुवा के आवास लाभुकों के गृह प्रवेश के मौके पर उपस्थित हुई । इसके अतिरिक्त उच्च विद्यालय मदगडा में विद्यालय शिक्षक एवं बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच भगवान बिरसा मुंडा के समक्ष केक काटा गया । इस शुभ मौके पर श्रीमती सुप्रिया कुमारी के साथ साथ पंचायत समिति सदस्या श्रीमती ममता देवी ,स्वयंसेवक श्री रविंद्र यादव एवं श्री दीपक कुमार राणा,वार्ड सदस्य श्रीमती सोनी देवी, श्रीमती अनिता देवी, श्रीमती संगीता देवी,रोजगार सेवक, विद्यालय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार सिंह व पंचायत के तमाम पंचायत वासी उपस्थित हुए ।

## चाचा नेहरू के याद में सरगम इंटरनेशनल स्कूल में मना बाल दिवस

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : हजारीबाग रोड स्थित किसान मेडिकल नर्सिंग होम के समीप संचालित सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव में भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस के मौके पर स्कूल प्रांगण में शैक्षणिक कार्यक्रम हुआ। जिनमें क्यूज ,वाद – विवाद, प्रतियोगिता ,भाषण– प्रतियोगिता, एवम विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। नन्हे–मुन्ने बच्चों के लिए कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें सफल प्रतिभागियों को झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल की प्राचार्य मुसर्रत परवीन ने कहा इन सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में आत्म बल बढ़ता है तथा झिझक दूर होता है। एवं भविष्य में भी स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के निदेशक राजेश सोनी ,अध्यक्ष सहेश्वर दांगी, उपाध्यक्ष सरोज कुमार, सचिव शंकर कुमार ,कोषाध्यक्ष विनोद साव ,उपसचिव शंकर कुमार एवं किशोर, सुमन ,मनीषा, काजल, सुधा ,तंद्रा, सोनी, सबीना , नेहा साजिद रजा इत्यादि शिक्षक – शिक्षिकाएं मौजूद थे।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार